हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025



# परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी गर्मी से होते रहे बेहाल, दो घंटे तक अंधेरे में सुलझाए प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शुक्रवार सुबह लगभग 1200 विद्यार्थियों के लिए दोहरी परीक्षा की घड़ी रही। यहां महाविद्यालयीन परीक्षा के दौरान बिजली बंद होने से विद्यार्थियों को लगभग 3 घंटे उमस भरी गर्मी के बीच अंधेरे में परीक्षा देते हुए अपने प्रश्न पत्र हल करने पड़े।

शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित परीक्षा के दौरान सुबह लगभग 8 बजे लाइट बंद हो गई। विद्यार्थियों सहित कॉलेज के प्राध्यापकों को लगा कि 5-10 मिनट के भीतर लाइट आ जाएगी, लेकिन जब आधे घंटे से ऊपर का वक्त बीत गया और परीक्षार्थी हलाकान होने लगे, तब लाइट बंद होने की कम्प्लेन के लिए फोन लगाया तो मालूम हुआ कि इस क्षेत्र में बारिश पूर्व मेन्टेनेंस का कार्य किया जा रहा है, लाइट 12 बजे तक बंद रहेगी।

**छुट्टी वाले दिन मेन्टेनेंस की मांग :** इधर कॉलेज में बिजली बंद होने की वजह से छात्रों को परेशानी होने की जानकारी मिलने पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री साइंस कॉलेज पहुंचे और यहां से उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर मेन्टेनेंस पोस्पांड कर छात्रहित को देखते हुए बिजली चालू करने कहा। ऋषि शास्त्री ने विद्युत विभाग से मांग की है कि छुट्टी के दिन मेन्टेनेंस का कार्य करने की योजना बनाई जाए।

## अब अवकाश के दिन मेन्टेनेंस का काम करेगा बिजली विभाग, परीक्षा में शामिल थे चार सौ बच्चे

### दिग्विजय कॉलेज में थे अधिक परीक्षार्थी

बताया जा रहा है कि शासकीय दिग्विजय कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षा के दौरान लगभग 800 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे थे। वहीं विज्ञान महाविद्यालय में विश्वविद्यालय की परीक्षा संचालित थी। जिसमें लगभग 400 परीक्षार्थी बैठे हुए थे।

### जारी हुई थी सूचना

विद्युत विभाग द्वारा हॉस्पिटल फीडर क्षेत्र में बारिश पूर्व मेन्टेनेंस की सूचना पूर्व में ही जारी कर दी गई थी। वहीं परीक्षा भी निर्धारित था, लेकिन स्थानीय स्तर की परीक्षा होने के चलते मेन्टेनेंस को देखते हुए इसका समय परिवर्तन किया जाना था, लेकिन महाविद्यालय द्वारा समय परिवर्तन नहीं किया गया।



### जानकारी मिलने पर मेन्टेनेंस रोका गया

मेन्टेनेंस के कार्य को लेकर पूर्व में सूचना जारी की गई थी। सुबह 11 बजे के करीब महाविद्यालय में परीक्षा आयोजित होने की जानकारी मिलते ही मेन्टेनेंस का कार्य रूकवाया गया और विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

**- आरके गोस्वामी**
कार्यपालन अभियंता

### एक घंटे पहले आई बिजली

कॉलेज में परीक्षा आयोजित होने को लेकर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी के माध्यम से विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद उन्होंने तत्काल क्षेत्र में मेन्टेनेंस कर रहे कर्मचारियों को मेन्टेनेंस का कार्य बंद करते विद्युत आपूर्ति शुरू करने निर्देशित किया। जिसके बाद लगभग 11.15 बजे विद्युत व्यवस्था बहाल हुई।

---

### पिपरिया जलाशय-छिंदारी मार्ग में हादसा, घायलों का इलाज जारी


# तेंदूपत्ता भरने जा रही माजदा पलटी तीन की मौत, 8 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

तेन्दूपत्ता भरने के लिए जा रही माजदा वाहन छुईखदान से पिपरिया जलाशय छिंदारी मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में माजदा में सवार तीन मजदूर की मौके पर मौत हो गई। वहीं आठ को गंभीर चोंटे आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माजदा वाहन मजदूरों को लेकर वनांचल तेन्दूपत्ता भरने के लिए जा रही थी। वाहन जैसे ही छुईखदान से पिपरिया जलाशय छिंदारी मार्ग हाटबंजा से आधा किलोमीटर आगे पहुंची थी कि अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।

बताया गया कि हादसा इतना जबर्दस्त था कि उसमें सवार तीन मजदूरों राजेश साहू पिता अर्जुन साहू 35, मंगलचंद पिता बलदेव साहू 31 व टीकू धनकर पिता सुरेश धनकर 31 वर्ष सभी निवासी भरदाकला तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई।



### वनांचल क्षेत्र में तेंदूपत्ता लाने जा रही थी ट्रक



ऐसा बताया जा रहा है कि वो ट्रक भरदाकला अर्जुन्दा से छुईखदान क्षेत्र के वनांचल से तेंदूपत्ता लेने जा रही थी। जिसमें दो ड्राईवर सहित नौ मजदूर बैठे थे, जो दुर्घटना के शिकार हो गए। तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिवारजनों को सौंप दिया गया है।

### पुलिस-ग्रामीणों के सहयोग से मिली राहत

घटना के बाद जैसे ही ग्रामवासियों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आसपास के क्षेत्रवासी पहुंचकर मदद करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए और सूझबूझ के साथ आठ लोगों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान पहुंचाया।

### क्षेत्र की पहली घटना

छुईखदान से पिपरिया जलाशय छिंदारी में होने वाली इस प्रकार की पहली घटना है, जो आज सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास हुआ है। घटना जैसे ही हुआ आसपास के ग्रामवासी घटनास्थल पर पहुंच गए, जब तक पुलिस प्रशासन की टीम भी वहां पर पहुंच गई। जिनके सूझबुझ से आठ लोगों को सही सलामत निकाला गया और उन्हें उपचार हेतु समीपस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में भर्ती किया गया, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार कर राजनांदगांव रिफर किया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि उनमें से एक से दो लोगों को ज्यादा गंभीर चोंटे आई है।


---

# डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के रोपवे में फिर हादसा, खाली ट्राली डिरेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में पिछले डेढ़ माह पहले हुए रोपवे हादसे की अभी जांच भी पूरी नहीं हुई है और बुधवार को एक बार फिर रोपवे में फिर एक बड़ा हादसा होते हुए टल गया। ऊपर मंदिर से खाली उतर रही एक ट्राली नीचे पहुंचते ही डिरेल होकर झुक गई। घटना के बाद मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने पहले कोई भी घटना से इंकार किया, लेकिन सोशल मीडिया में वीडियो के वायरल होते ही खलबली मच गई है। इस मामले में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट और रोपवे संचालन में लगी दामोदर इंफ्रा कंपनी की लापरवाही सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को ऊपर मंदिर से एक ट्राली खाली लौट रही थी। जैसे ही यह नीचे पहुंची वैसे ही डिरेल होकर ट्राली गिर गई। पिछले डेढ़ माह पहले जिस स्थान पर ट्राली गिरने से भाजपा नेता घायल हुए थे, उसी स्थल पर ही इस बार भी ट्राली डिरेल हुई है। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद दर्शनार्थियों में भी खलबली मच गई। दर्शनार्थियों का कहना है कि अच्छा हुआ कि ट्राली खाली थी, वरना कई लोग घायल हो जाते। गौरतलब है कि प्रशासन ने जांच प्रक्रिया के पूरा होने के पहले ही रोपवे का संचालन शुरू कर दिया है। वर्तमान में इसे मैन्युअल तरीके से चलाया जा रहा है, लेकिन फिर भी यह हादसा होने से रोपवे संचालन कंपनी पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।



**मेन्टेनेंस की खुली पोल :** डेढ़ माह पहले रोपवे की ट्राली के गिरने के बाद प्रशासन ने इसके संचालन को रोक दिया था। कंपनी को मरम्मत करने के निर्देश जारी किए गए थे। बताया जाता है कि करीब एक माह तक मरम्मत का काम भी चला, लेकिन इसके बाद भी ट्राली के डिरेल होने से कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

### दर्शनार्थियों में दहशत

वर्तमान में जिस कंपनी के माध्यम से रोपवे का संचालन किया जा रहा है। इस कंपनी द्वारा कई स्थानों में लगाए गए रोपवे में खराबी के मामले सामने आ चुके हैं। झारखंड स्थित रोपवे में 2022 में खराबी आने के बाद 3 पर्यटकों की मौत हो चुकी है। वहीं 50 से 60 लोग 40 घंटे तक हवा में लटके रहे थे। इस मामले में कंपनी संचालक को दोषी पाने पर झारखंड सरकार ने जुर्माना लगाने के साथ 5 साल के लिए बैन कर दिया था। यहां लगे रोपवे में दुर्घटना होने से दर्शनार्थियों में दहशत का माहौल बनने लगा है।

### नहीं हुई कोई घटना

ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। ट्राली के उतरने के बाद खाली ट्राली झुक गई थी और एंगल भी मूड़ गया था। तकनीकी फाल्ट को सुधारने के लिए ही खाली ट्राली को नीचे उतारा गया था।

**मनोज अग्रवाल**
अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट

### कराएंगे जांच

मुझे डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट की तरफ से जानकारी मिली है। मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञों से रोपवे की जांच कराई जाएगी।

**- मनोज मरकाम**
एसडीएम, डोंगरगढ़

---

# अतिशेष शिक्षकों की दो से काउंसिलिंग सवालों से बचने कराएंगे वीडियोग्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अब अतिशेष शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार करने के बाद अब शिक्षा विभाग इनकी काउंसलिंग करने जा रहा है। आगामी दो और तीन जून को शिक्षकों को बुलाकर उनकी काउंसलिंग होगी। जिसके लिए बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल का चयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार के आदेश बाद जिले में भी शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था करने अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कराई गई है। अब इन शिक्षकों से अतिशेष शिक्षकों का तबादला किया जाएगा। युक्तियुक्तकरण के तहत प्रशासन इस प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए वीडियोग्राफी करने की योजना बना रहा है, ताकि शिक्षकों के सवालों और संभावित विवादों का समाधान किया जा सके। हालांकि शिक्षा संगठनों में इस बात को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है कि अब तक अतिशेष शिक्षकों की सूची जारी नहीं की गई है।




### दो दिन चलेगी प्रक्रिया


मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग सोमवार दो जून एवं तीन जून को शिक्षकों की कांउसलिंग की प्रक्रिया करेगा। बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में होने वाली इस प्रक्रिया के तहत आगामी दो जून को प्राथमिक शालाओं के 260 शिक्षकों को बुलाया जाएगा। इसके बाद अगले दिन तीन जून को मीडिल, हायर सेकंडरी एवं हाईस्कूल के 150 शिक्षकों को बुलाया जाएगा। प्रक्रिया सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक, दूसरे चरण के तहत दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी।

# शांति विजय कॉलोनी के सूने घर में आभूषण सहित नगद की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचनबाग क्षेत्र स्थित शांति विजय कॉलोनी के एक सूने मकान में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

शहर के शांति विजय कॉलोनी निवासी नरेश हरिहारनो का परिवार रांची झारखंड गया हुआ था। इस दौरान सूने मकान में अज्ञात चोरों द्वारा धावा बोला गया और घर के भीतर रखे अलमारी से सोना-चांदी सहित नगदी रकम की चोरी कर ली गई। शहर के बीच कंचनबाग क्षेत्र में हुई इस चोरी के बाद आसपास के लोगों में भी भय का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि नेटवर्क समस्या के चलते सीसीटीवी फुटेज में चोरी की वारदात दर्ज नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।



### परिवार ने कराई एफआईआर

इस चोरी के मामले को लेकर आज जब परिवार झारखंड से लौटा तो देर शाम कोतवाली थाना पहुंचकर इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### सोने-चांदी की चोरी

कोतवाली थाना पहुंचे प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर में रखे सोने-चांदी सहित लगभग 2 लाख नगदी रकम की चोरी की गई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने 20 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी की चोरी की है।

### आसपास के लोगों ने दी सूचना

गुरुवार की सुबह आसपास के लोगों ने घर का ताला टूटा देखा तो उन्हें मामले की सूचना दी गई। हरिहारनो परिवार ने तत्काल अपने परिजनों को भेजा। इस दौरान घर के भीतर घुसने पर घर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। चोरों द्वारा इतमिनान से चोरी को अंजान दिया जाना प्रतीत हो रहा था।

# डायवर्सन के मामले को लेकर आरआई और आवेदक के बीच मारपीट, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डायवर्सन के एक मामले को लेकर शुक्रवार की दोपहर आरआई और आवेदक के बीच जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच एसडीएम दफ्तर के बाहर ही हाथापाई तक हुई। इस मामले में कोतवाली थाना में शिकायत भी दर्ज करा दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार आवेदक शांतिलाल जैन अपनी लखोली स्थित एक भूमि का डायवर्सन कराना चाहते है। इसके लिए उन्होंने आवेदन भी किया है। इस काम के लिए ही वे आरआई चितेंद्र सिंह राजपूत से मिले थे। जमीन नापने को लेकर दोनों में बातचीत विवाद की स्थिति में जा पहुंची। एक-दूसरे के साथ पहले दोनों ने जमकर गाली-गलौज की। जिसके बाद धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हुई और मामला मारपीट तक जा पहुंचा।

### धक्का मुक्की के बाद मारपीट



### की थी पैसे की मांग

आवेदक शांतिलाल का कहना है कि उससे आरआई ने डायवर्सन करने के एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इसका कोई प्रमाण उनके पास उपलब्ध नहीं है। इधर आरआई ने भी कोतवाली थाना में आवेदक शांतिलाल के खिलाफ लिखित में शिकायत की है। जिसके बाद उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

**मौके पर लगी भीड़ :** घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। थाना में भी जमीन के व्यापार से जुड़े बड़ी संख्या में लोग शांतिलाल का समर्थन करने पहुंचे थे।

---

**0 राजनांदगांव।** मई माह में चल रहे नौतपा के दौरान मौसम में तेजी से उतार चढ़ाव की स्थिति है। ऐसे में किसानों ने किसानी कार्य शुरू कर दिया है।

### माय एंगल













|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग.(पंजीयन क्र. 2338)


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
नई क्लास, नई शुरुआत
स्टेशनरी और अन्य
15% – 35% छूट मूल कीमत पर
ब्रान्डेड लाँगबुक्स एण्ड नोटबुक्स
न्यूनतम 15% छूट मूल कीमत पर
पेन्स
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर
पेन्सिल्स
₹15** से आगे
प्लास्टिक पेन्सिल बॉक्सेज़
₹275 सिर्फ
जे के कॉपियर पेपर A4 (21 सेमी x 29.7 सेमी) 70 gsm
500 शीट्स
मूल कीमत ₹355
15% छूट मूल कीमत पर
पिडिलाइट ग्लू
न्यूनतम 15% छूट मूल कीमत पर
ड्रॉइंग का सामान
₹49** से आगे
पेन्सिल पाउचेज़
₹139** से आगे
लंच बैग
₹99** से आगे
मेटल एण्ड मैग्नेटीक पेन्सिल बॉक्सेज़
₹179** सिर्फ
12 फोल्डर एग्ज़ीक्यूटिव फाइल
मूल कीमत ₹250
₹55** सिर्फ
ब्राउन बुक कवर 38 सेमी
मूल कीमत ₹70
₹21** से आगे
बुक लेबल स्टिकर्स
₹219** सिर्फ
कैलकुलेटर
मूल कीमत ₹400
₹49** से आगे
सिज़र्स
₹199** सिर्फ
एग्ज़ीक्यूटिव फोल्डर 12 पॉकेट फाइल
मूल कीमत ₹290
15% छूट मूल कीमत पर
कंगारू उत्पादों पर
20% छूट मूल कीमत पर
अप्सरा इरेज़र एण्ड शार्पनर
₹349** से आगे
स्टडी टेबल
₹149** से आगे
बिल्डिंग ब्लॉक्स
₹99** से आगे
इवा पज़ल
बैग्ज़, बॉक्सेज़ और अन्य वस्तुएं
₹299** से आगे
कॉलेज बैग्ज़
₹199** से आगे
स्कूल बैग्ज़
₹149** से आगे
लंच बॉक्स+ पानी बोतल कॉम्बो
₹99** सिर्फ
स्टील फ्लेक्सी 2 लेयर लंच बॉक्स
मूल कीमत ₹399
₹39** से आगे
लंच बॉक्स
₹149** से आगे
स्टील बोतल
₹49** से आगे
प्लास्टिक बोतल
₹10** से आगे
किड्स फेस टावल
₹249** से आगे
पॉलिमर क्रिकेट बॅट
₹379** सिर्फ
फुटबॉल
मूल कीमत ₹470
₹249** से आगे
बास्केट बॉल
₹299** से आगे
छाते
₹149** सिर्फ
पोंचो
मूल कीमत ₹199
₹179** से आगे
स्कूल शूज़
डेली एसेंशिअल्स और ग्रोसरी
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
कैडबरी ओरिओ ओरिजिनल मेगा फॅमिली पैक बिस्किट
875.75 ग्राम
मूल कीमत ₹310
₹19* सिर्फ
ब्रिटानिया गोबल्स फ्रुटी फन केक
100 ग्राम
मूल कीमत ₹30
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स
400 ग्राम
मूल कीमत ₹165
₹375* सिर्फ
कैडबरी बोर्नविटा रिफील
1 किलो
मूल कीमत ₹490
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त
टू यम् भूत चीप्स
82 ग्राम
मूल कीमत ₹60
₹320* सिर्फ
नटेला फेरेरो
350 ग्राम
मूल कीमत ₹399
₹109* सिर्फ
मॅकेन स्माइल
415 ग्राम
मूल कीमत ₹150
₹214* सिर्फ
किसान मिक्स फ्रुट जॅम
700 ग्राम
मूल कीमत ₹270
₹99* सिर्फ
मैगी मसाला नूडल्स
560 ग्राम
मूल कीमत ₹120
₹135* सिर्फ
चिंग्ज़ शेजवान चटनी बोतल
590 ग्राम
मूल कीमत ₹180
₹68* सिर्फ
डेल मोंटे टोमॅटो केचप पाउच
900 ग्राम
मूल कीमत ₹130
₹119* सिर्फ
अमूल चोकोमिनीज
250 ग्राम
मूल कीमत ₹140
₹479* सिर्फ
नटराज कॅलिफोर्निया बादाम
500 ग्राम
मूल कीमत ₹599
₹499* सिर्फ
नटराज काजू
500 ग्राम
मूल कीमत ₹699
₹199* सिर्फ
ब्रुक बॉंड ताज़ा चाय
1 किलो
मूल कीमत ₹250
₹105* सिर्फ
नेस्ले किटकॅट चॉकलेट
118.4 ग्राम
मूल कीमत ₹150
₹210* सिर्फ
इंडिया गेट सुपर बासमती चावल
1 किलो+50% अतिरिक्त
मूल कीमत ₹280
₹159* सिर्फ
हिमालया प्युरीफायींग नीम फेस वॉश
150 मि.ली.
मूल कीमत ₹279
₹175* सिर्फ
मेडिमिक्स साबुन
4x125 ग्राम प्रत्येकी
मूल कीमत ₹225
₹524*/₹460* सिर्फ
सर्फ एक्सेल मैटिक फ्रंट/टॉप लोड लिक्विड डिटर्जंट पाउच
4 लि.
मूल कीमत ₹885/₹795
₹199* सिर्फ
हार्पिक पावर ओरिजनल टॉयलेट क्लिनर
1 लि.
मूल कीमत ₹235
₹45* सिर्फ
लूज़ चीनी
1 किलो
₹57* सिर्फ
लूज़ वाडा कोलम चावल
1 किलो
₹76* सिर्फ
लूज़ बिरयानी चावल
1 किलो
₹32* सिर्फ
लूज़ गेहूँ आटा
1 किलो
₹105* सिर्फ
लूज़ लातूर तुअर दाल
1 किलो
₹39* सिर्फ
लूज़ रवा
1 किलो
₹74* सिर्फ
लूज़ बेसन
1 किलो
₹46* सिर्फ
लूज़ जाड़ा पोहा
1 किलो
₹119* सिर्फ
लूज़ मूंगफली
1 किलो
₹145* सिर्फ
लूज़ मखाना
100 ग्राम
₹59* सिर्फ
गुड़ प्रीमियम
900 ग्राम
मूल कीमत ₹90
₹259* सिर्फ
मिक्स ड्राय फ्रूट्स
500 ग्राम
मूल कीमत ₹406
₹429* सिर्फ
बादाम
500 ग्राम
मूल कीमत ₹670
₹399* सिर्फ
स्वाद पिस्ता
400 ग्राम
मूल कीमत ₹575
₹140* सिर्फ
स्वाद किसमिस
500 ग्राम
मूल कीमत ₹208
₹99* सिर्फ
गरम मसाला होल
100 ग्राम
मूल कीमत ₹167
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/05/25

### स्वच्छ सुंदर और विकसित कवर्धा के लिए कथावाचकों व पुजारियों के साथ विशेष बैठक

# धार्मिक नेतृत्व और प्रशासन साथ आए, तो बदलेगा कवर्धा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर को स्वच्छ सुंदर एवं विकसित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका सभाकक्ष में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने की तथा कार्यक्रम का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में शहर के प्रतिष्ठित कथावाचकों, मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मण समुदाय के गणमान्य विद्वानों ने सहभागिता की। बैठक में नगर की स्वच्छता, धार्मिक स्थलों की सुंदरता, जल संरक्षण की जनजागरूकता अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

वही संस्कार हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कवर्धा शहर की सुंदरता और स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं, हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जब धार्मिक और सामाजिक नेतृत्व आगे आएगा, तो जनसहभागिता भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। उन्होनें कहा कि अपने संबोधन में कहा कि उचित-अनुचित का निर्धारण, उचित अनुचित का परिपालन एवं उचित अनुचित को समझना, ये सब को समझने के लिए संस्कार हमारे जीवन में अति महत्तवपूर्ण है। उन्होनें मंच पर उपस्थित शहर के पुजारीगण, ब्राह्मण विद्वानजनों, कथावाचकगण को प्रणाम करते हुए सबका अभिवादन किया। शहर की स्वच्छता लिए आप सभी को नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी को प्रणाम करते हुए नगर पालिका पधारने के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होनें कहा कि इतनी संख्या में एक साथ ब्राम्हणों का आगमन मेरे लिए सौभाग्य की बात है आज पूरा नगर पालिका परिवार धन्य हो गया है कार्यक्रम के दौरान यह अवसर अत्यंत विशेष है। हम सब यहाँ एक पवित्र संकल्प के साथ एकत्र हुए हैं स्वच्छ सुंदर और विकसित कवर्धा के निर्माण के लिए। कवर्धा केवल एक शहर नहीं है, यह हमारी पहचान है, हमारी संस्कृति है, और हमारे आने वाले भविष्य की नींव भी। इस शहर की सड़कों की सफाई, मंदिरों की गरिमा, और मोहल्लों की सुंदरता हम सबकी जिम्मेदारी व जवाबदारी है।




**कवर्धा को स्वच्छ बनाने हर संभव प्रयास का दिया भरोसा**

कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों ने स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा के संकल्प को दोहराया और इस मिशन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होनें नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा स्वच्छ कवर्धा बनाने के संकल्प, प्रत्येक रविवार को होने वाले सफाई कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। कवर्धा शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए हम सभी हर संभव प्रयास करेगें। केवल आपका ही शहर नही यह हमारा भी शहर है इसे संवारने की जिम्मेदारी हम सब की है।

**उपस्थित अतिथियों ने दिये सुझाव**

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा आयोजित स्वच्छ सुंदर व विकसित कवर्धा के संकल्प में उपस्थित ब्राम्हणों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। सुझाव में उन्होंने कचरा निष्पादन, घर से निकलने वाले गोबर के लिए कचरा वाहन की व्यवस्था, वृहद वृक्षारोपण, संस्कृत विद्यालय, युवा वर्ग को नशे से मुक्त करने, चरित्र की रक्षा करने, मानस भवन हेतु जमीन सहित प्रकृति संसाधनों की संरक्षण की दिशा में कार्य करने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष ने उनके द्वारा दिये गये सुझाव पर आवश्यक अमल करने का आश्वासन दिया।

# श्री सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस में शामिल हुए डिप्टी सीएम शर्मा, मेला विकास के लिए 20 लाख की घोषणा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शुक्रवार को कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान पाण्डातराई परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोघरा में आयोजित सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सद्गुरू कबीर साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने घोघरा मेला प्रांगण के समुचित विकास के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सद्गुरू कबीर का जीवन हमें सत्य, अहिंसा, समरसता और सामाजिक एकता का मार्ग दिखाता है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कबीर की वाणी में ऐसा संदेश है, जो हर वर्ग, हर धर्म और हर समय के लिए प्रासंगिक है। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्राकट्य दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत संत-महात्माओं द्वारा कबीर वाणी और भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। मनीराम साहू, क्रांति गुप्ता सहित आयोजक सामिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लखनदास मानिकपुरी को दी गई भावभीनी विदाई



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 लखनदास मानिकपुरी को आज उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन ने श्री मानिकपुरी को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। लखनदास मानिकपुरी ने 1983 को भृत्य के पद पर कार्यालय कलेक्टोरेट राजनांदगांव में नियुक्ति प्राप्त की थी। अपने 42 साल 04 माह के करियर में उन्होंने महत्वपूर्ण शाखाओं में कार्य किया। सहायक ग्रेड-02 लखनदास मानिकपुरी अपनी जिम्मेदारियों को और भी उत्साह और समर्पण के साथ निभाया। उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने न केवल अपने विभागीय कार्यों को पूरी ईमानदारी और मेहनत से अंजाम दिया, बल्कि सहकर्मियों के साथ अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और सहयोग भावना से भी सभी का दिल जीता। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। विदाई समारोह में आयोजित कार्यक्रम में उनके समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की गई, और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मानिकपुरी ने भी अपने सहकर्मियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जिला कार्यालय में बिताए गए समय की हमेशा याद रहेगी। समारोह के अंत में अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मानिकपुरी का योगदान जिला कार्यालय के कार्य में हमेशा एक प्रेरणा के रूप में रहेगा।

### खबर संक्षेप

## एमए इतिहास पूर्व का परीक्षा परिणाम 91.11 व अंतिम वर्ष का 92.23 प्रतिशत रहा

**हरिभूमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें एमए (इतिहास) पूर्व का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 91.11 प्रतिशत व एमए (इतिहास) अंतिम वर्ष का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 92.23 प्रतिशत रहा है।

यह परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय के वेबसाइट durg.ucanapply.com में अपलोड की गई है। संबंधित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर रेंगाबोड में 100 से अधिक मरीज लाभान्वित

- हेल्थ पैथलेब में 20 से भी अधिक प्रकार की गंभीर और सामान्य बीमारियों का परीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित जनसेवा ही भावना संस्था द्वारा संचालित मोबाइल पैथलैब से विधानसभा पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत हाट बाजार एवं गांव गांव कैंप लगाकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर ग्रामीणों की सेवा का कार्य कर रही है, इसी कड़ी में शुक्रवार को विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रेंगाबोड में मोबाइल पैथलैब कैंप के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन हुआ कैंप में क्षेत्र के 100 से भी अधिक लोगों का निःशुल्क परीक्षण कराया गया। इस मोबाइल हेल्थ पैथलैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित कबीरधाम जिले के आसपास क्षेत्रों में ग्रामीणों को इसका लाभ मिल रहा है इस हेल्थ पैथलैब में 20 से भी अधिक प्रकार की गंभीर और सामान्य बीमारियों का परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है, वही पंडरिया विधायक भावना बोहरा के द्वारा मोबाइल हेल्थ लैब के साथ-साथ विधानसभा पंडरिया अंतर्गत सभी मंडलों में 8 निःशुल्क एंबुलेंस संचालित है जिसका लाभ क्षेत्रवासी को मिल रहा है।




## कवर्धा वनमण्डल में 36 वनरक्षक पदों पर नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वनमंत्री छग शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्देश पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख छत्तीसगढ़, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्गत कुल 151 रिक्त वनरक्षक पदों की सीधी भर्ती के तहत कवर्धा वनमण्डल कवर्धा अंतर्गत रिक्त कुल 36 वनरक्षकों के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर शुक्रवार को समस्त अर्हता एवं परीक्षाओं में पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। वनमण्डलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा वनमण्डल अंतर्गत रिक्त वनरक्षक के कुल 36 पद भर्ती हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई थी जिसके तहत पात्र 33 अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जिसमें अनारिक्षत मुक्त 11, महिला 4, भूत पूर्व सैनिक 1, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त 2, अनुसूचित जाति मुक्त 5, महिला 1, अनुसूचित जनजाति मुक्त 7, महिला 2 पद सम्मिलित है। इसमें कबीरधाम जिले के 14 अभ्यर्थी तथा निकटवर्ती जिला बेमेतरा, बिलासपुर, खैरागढ़, बालोद एवं दुर्ग के 8 एवं अन्य जिला जैसे जांजगीर, बलौदाबाजार, सुरजपुर, महासमुंद, गरियाबंद एवं रायपुर से 11 अभ्यर्थी चयनित हुए है।

## गन्ना फसल में रासायनिक खाद डालने में जुटे ग्रामीण किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसान गन्ना फसल की खेती-किसानी कार्य में जुटें हुए है। वहीं क्षेत्र के किसान नौनिहाल गन्ना फसल में रासायनिक खाद डालने में जुटें हुए है ताकि नौनिहाल गन्ना फसल जल्द से जल्द परिपक्त होकर तैयार व गन्ना फसल की अच्छी पैदावार हो सकें। क्षेत्र के ग्राम नाऊडीह, दौजरी, सिंघनपुरी व हरिनछपरा के ग्रामीण किसान रासायनिक खाद जैसे पोटाश, यूरिया, सुपर फास्फेट और डीएपी खाद को मिलाकर नौनिहाल गन्ना फसल खेतों में डाला जा रहा है ताकि नौनिहाल गन्ना फसल बहुत जल्द हरा-भरा तथा ज्यादा पैदावार हो सकें, जिससे ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हों सकें।

## मारपीट के बाद फरार आरोपी चढ़ा पंडरिया पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भदराली में मोटर सायकल चलाने को लेकर हुए विवाद में कुछ युवकों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए युवक वीरेंद्र यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा थाना पंडरिया पुलिस ने गंभीर मारपीट प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए फरार आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन तिवारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर कार्यवाही की गई। बुधवार को प्रार्थी दीपक यादव निवासी भदराली थाना पंडरिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि लगभग 7:30 बजे मोटर सायकल में जाने की बात को लेकर फलित यादव एवं बाबूलाल का लड़का मुकेश यादव द्वारा उनके परिजनों के साथ मारपीट की गई। इस घटना में लक्ष्मीनारायण, वीरेंद्र यादव एवं सुरेंद्र यादव घायल हो गए थे। प्रकरण में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। गुरूवार को सूचना प्राप्त हुई कि मारपीट में घायल वीरेंद्र यादव की उपचार के दौरान बिलासपुर में मृत्यु हो गई है। पोस्टमार्टम पश्चात प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) बीएनएस जोड़ी गई एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठितकर फरार आरोपियों की पतासाजी कर 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



## डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के डॉ खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार इच्छुक कृषक 31 जुलाई 2025 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह पुरस्कार राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2025 के अवसर पर प्रदान किया जाएगा, जिसमें दो लाख रूपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं तथा पूर्ण रूप से भरकर संबंधित कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ कृषक की सफलता की कहानी अधिकतम दो पृष्ठों में संलग्न करनी होगी, साथ ही छायाचित्र एवं वीडियो सीडी भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस पुरस्कार के लिए वही कृषक पात्र होंगे जो छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हों, पिछले दस वर्षो से राज्य में कृषि कार्य कर रहे हों, जिनकी कुल वार्षिक आमदनी में न्यूनतम 75 प्रतिशत आय कृषि से हो और जो तकाबी, सिंचाई शुल्क अथवा सहकारी बैंकों के कालातीत ऋणी न हों। कृषकों के चयन एवं मूल्यांकन में फसल विविधीकरण, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, अन्य कृषकों को प्रेरित करने, विगत तीन वर्षों में फसल उत्पादकता, कृषि क्षेत्र में नवाचार, भूमि एवं जल संरक्षण, समन्वित कृषि प्रणाली और विपणन में योगदान जैसे बिंदुओं को ध्यान में रखा जाएगा।

# जिले में सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस सत्संग समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सदगुरू कबीर प्राकट्य दिवस सत्संग समारोह जिला स्तरीय कबीरधाम में मनाया जा रहा है, इस वर्ष 31 मई को पंथ गृन्ध मुनि नाम साहेब कॉलेज मैदान में कबीरपंथ के 16वे वंशाचार्य पंथ हुजूर उदितमुनि नाम साहब का आगमन होने जा रहा है।

जिसमें कार्यक्रम की आज शुक्रवार को प्रथम दिवस प्रातः 8 बजे दीप प्रज्जवलित कर गुरु महिमा पाठ, साधु संतों, महंतों द्वारा सत्संग भजन निरंतर चलता रहेगा। वहीं समिति द्वारा सदगुरू भंडारा में भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था किया गया, जो सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी संख्या में श्रद्धालु लोग भोजन प्रसाद कर सत्संग का लाभ उठाकर मेले का भी आनंद ले रहे है। वहीं श्री सद्गुरू कबीर प्राकट्य दिवस सत्संग समारोह में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित होकर सद्गुरू कबीरदास की गुरू महिमा पाठ का कथा रसपान कर रहें है।



### 11 बैगा बसाहटों में पर्यावास अधिकार पर 13-14 गांव के क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# बैगाओं के पर्यावास अधिकार पर आठ दिवसीय जागरूकता अभियान संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के भाकुर क्षेत्र में आठ दिवसीय 20 से 28 मई तक बैगाओं के पर्यावास अधिकार पर पिछले 8 दिनों से चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान का शुक्रवार को बैगा बसाहट ग्राम भाकुर में संपन्न हुआ। इस समापन कार्यक्रम में 20 बैगा बसाहटों के लगभग 129 पारंपरिक बैगा मुखियाओं ने भाग लिया। यह अभियान बैगाओं के पारंपरिक मुखियाओं तथा बैगाओं के पर्यावास अधिकार दावा प्रक्रिया में स्थानीय सहयोगी संस्था आदिवासी समता मंच द्वारा चलाया गया।

इस अभियान की जानकारी देते हुए बैगाओं के प्रदेश अध्यक्ष इतवारी राम मछिया ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैगाओं को सरकार द्वारा दिए गए उनके पर्यावास से संबंधित विशेष अधिकार के विषय में बताना था और दावा प्रक्रिया में उनकी भूमिका से अवगत कराना था।

आदिवासी समता मंच की अनिमा बनर्जी ने बताया कि इस आठ दिवसीय अभियान के दौरान पण्डरिया विकासखण्ड के 11 बैगा बसाहटों में पर्यावास अधिकार पर 13-14 गांव के क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे पण्डरिया विकासखण्ड के सभी 110 बैगा बसाहटों में पर्यावास अधिकार पर बैगाओं का जागरूकता बढ़ाया गया तथा दावा प्रक्रिया में उनकी भूमिका पर समझ विकसित किया गया। पर्यावास अधिकार दावा प्रक्रिया में अब तक हुई तैयारी के विषय में जानकारी देते हुए सेहत्तर सिंह धुर्वे ने बताया कि संस्था द्वारा 110 बैगा बसाहटों में रह रहे सभी बैगाओ की सुची तैयार कर ली गई है तथा आने वाली पीढ़ियां इस पर्यावास अधिकार के अधिकार धारक होंगे। संस्था के कार्यकर्ता हेमंत कुमार गढ़ेवाल ने बताया कि संस्था ने बैगाओ के पारंपरिक, सामाजिक, आर्थिक तथा जल एवं वन संसाधनों पर उनके अधिकार तथा सांस्कृतिक धरोहरों, रीति-रिवाजों, धार्मिक आस्थाएं व मान्यताएं तथा जैव-विविधताओं का गांव वार दस्तावेजी करण कार्य पुरा कर लिया है। दशमी बाई बैगा ने बताया कि इस दस्तावेजी करण प्रक्रिया में बैगा महिलाओं के पारंपरिक अधिकारों को ही विशेष स्थान दिया गया है। संस्था के जोन्हू बैगा ने बताया कि सभी 110 बैगा बसाहटों का नजरी नक्शा तैयार कर लिया गया है। बैगाओं के पारंपरिक मुखिया गौठुराम बरंगिया ने बताया कि पर्यावरण मिलना अत्यंत जरूरी है कि इस अधिकार से अपने पर्यावास को टीकाकर तथा बचाकर रख पायेंगे और उनके पर्यावास पर भविष्य के किसी भी प्रकार के विनाश कारी शक्तियों तथा प्रभावों के खतरों से बैगा अपने पर्यावास को सुरक्षित रख पायेंगे जिससे निरंतर रूप से बैगा समाज अपनी सांस्कृतिक विरासत, मान्यताएं, रीति-रिवाजों तथा अपनी पारंपरिक आजीविका तथा जैव-विविधताओं और सामाजिक, आर्थिक अधिकारों के साथ रह पायेंगे। इस जन जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप



### गुरु पर्व पर शरबत वितरण

**चिचोला।** सिख धर्म के गुरु अर्जन देव के गुरु पर्व पर शुक्रवार को बस स्टैंड में प्रसाद के रूप में शरबत, चना वितरण किया गया। इस दौरान गुरु अर्जन देव का जयकारा लगाया गया।

### सुकन्या योजना में अनियमितता, कर्मचारी निलंबित

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन पर सरखेड़ा औंधी पोस्ट ऑफिस के डाक कर्मचारी तरुण बनज द्वारा छह सुकन्या समृद्धि के खातों एवं 11 अन्य बचत आवृत्ति जमा खातों की राशि में गबन करने के आरोप में जांच अधिकारी एके सिंह उप संभागीय डाक निरीक्षक अंबागढ़ चौकी के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबित कर दिया गया है। नए कर्मचारियों की पद स्थापना सरखेड़ा पोस्ट ऑफिस में कर दी गई है। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच संस्थित किया गया है। जांच के दौरान 6 सुकन्या खातों की राशि योगेश्वरी, धानी सरकार, डिगेश्वरी कुमारी, मेघना मंडावी, हीरांशी, मेघा मंडावी के सुकन्या खातों में गबन की गई राशि जमा कर पासबुक प्रदाय कर दिया गया है।

### मासिक धर्म के प्रति जागरूकता अभियान



**मोहला।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 28 मई को विकासखंड स्तरीय माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत पेन्दलकुही में किया गया। कार्यक्रम में शामिल होकर महिला एवं किशोरी बालिकाओं ने जागरूकता रैली निकाला। इस दौरान सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े विषयों पर चर्चा किया गया।

### पीएमश्री शाला में समर कैम्प आयोजित



**बांधाबाजार।** पीएमश्री प्राथमिक शाला आलकन्हार के शिक्षकों ने ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान समर कैम्प का आयोजन किया। बच्चों को प्रतिदिन शिक्षकों ने शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा चित्रकला, शिल्पकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मूर्तिकला, ड्राइंग, पेंटिंग आदि की जानकारी दी। शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सुकल दास मार्गे, खेमचंद कोमा, विनोद सुधाकर, प्रभूराम नायक ने आयोजन की प्रशंसा किया है। आयोजन में प्रधानपाठक भंवरसिंह ठाकुर, शिक्षक छबिलाल कोरेटी, यशवंत माहले, योगेश्वरी भुआर्य का योगदान रहा।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ रवाना



**मोहला।** अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले ने कृषि संकल्प अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीनों विकासखंड के लिए एक-एक रथ गांव-गांव पहुंचकर विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत किसानों को जागरूक करने का कार्य करेगा। अभियान अंतर्गत खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकी के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा।

### बैंक शाखा खोलने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा और जालबांधा में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा खोलने को लेकर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में अवगत कराया कि जालबांधा खैरागढ़ विकासखंड का प्रमुख ग्राम है। क्षेत्र के किसानो को बैंक न होने से लंबी दूरी तय कर खैरागढ़ आना पड़ता है। यहां किसानो की भीड़ होने से किसानों को कठिनाई का सामान करना पड़ता है। किसानो की सुविधा को ध्यान रख कर जालबांधा में जिला केंद्रीय बैंक की शाखा खोलना जरूरी है। इसी तरह पैलीमेटा में भी सहकारी बैंक की ब्रांच खोलना आवश्यक है। किसानो को साल्हेवारा जाना पड़ता है जो काफी दूर है।

### पक्की रोड बनवाने सौंपा मांग पत्र

**डोंगरगढ़।** मेन रोड से छपारा तक पक्की रोड बनवाने के मांग को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने एसडीएम एवं पीडब्ल्यूडी विभाग में अधिकारियों से चर्चा कर मांग पत्र सौंपा है। विधायक श्रीमती बघेल ने मंत्रालय जाकर इस काम को पूरा कराने का आश्वासन दिया है। एसडीएम ने भी उचित कार्रवाई करने की बात कही है। छपारा के ग्रामीण ने बताया कि 2023- 24 के बजट में शामिल होने के बाद टेंडर प्रक्रिया के लिए भेजा गया था जिस पर वित्त विभाग ने रोक लगा रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि भाजपा से जुड़े पदाधिकारी के वित्त मंत्री संज्ञान में लाने के बाद भी रोड नहीं बन पा रही है। ग्रामीणों ने 15 दिनों में निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, लखनलाल साहू, छबिलाल कोसा, हीराराम साहू, परदेसी ठाकुर, धरम साहू, मनोज पटेल, बलिराम पटेल, बीरबल साहू, कैलाश सहारे, चंचल, रेखालाल साहू, अशोक पटेल आदि उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार से जनता में बढ़ा विश्वास

**छुईखदान।** प्रदेश भाजयुमो के कार्यसमिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने सुशासन तिहार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह अभियान राज्य के रजत जयंती वर्ष और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को समर्पित करते हुए किया गया।अभियान के तहत पहले चरण में पंचायतों एवं निकायों में आवेदन लिया गया। इसी क्रम में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन कर आवेदकों को निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया।



---

### हितग्राहियों ने किया नगर अध्यक्ष का घेराव

# आवास की किस्त अटकी कर्ज में डूबे गरीब हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

पीएम आवास योजना के हितग्राही किश्त के लिए महिनों से भटक रहे हैं। समय पर किश्त नहीं मिलने से आवास निर्माण रूक गया है। जिन्होने किसी तरह बंदोबस्त कर मकान निर्माण कर लिया है वह कर्ज में डूब गए हैं। परेशान हितग्राही किश्त के लिए अधिकारियों और नेताओं के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

नगर के 15 वार्डों में इन दिनों पीएम आवास योजना के तहत मकान निर्माण कर रहे हितग्राहियो के लिए किश्त प्राप्त करना टेढी खीर हो गया है। आवास योजना के हितग्राहियों की शिकायत है कि उन्हे किश्त के लिए भटकना पड़ रहा है। महिनो से वह नगर पंचायत कार्यालय और पार्षदों का चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हे किश्त नहीं मिल रही है। वार्ड 14 के अखबर खरे, वार्ड 6 के रमेश पटेल, वार्ड 8 के नोहर धनंजय ने बताया कि वह महिनों से चक्कर काट रहे है लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। आवास की किश्त नहीं मिलने से निर्माण रूक गया है। लोग निर्माण कार्य पूरा करने किश्त मिलने का इंतजार कर रहे हैं। राशि के अभाव में काम आगे नहीं बढ रहा है।



#### चेहरा देखकर भुगतान करने का आरोप

पीएम आवास योजना के तहत जिनका आवास स्वीकृत हुआ है उनमे से अधिकांश हितग्राहियों की यह भी शिकायत है कि नगर पंचायत द्वारा किश्त का भुगतान चेहरा देखकर किया जाता है। वह पैसे देने में भेदभाव कर रहे हैं। आरोप यह है कि जिनका प्रभाव एवं पहुंच है वह भुगतान पहले निकलवा रहे है।अन्य को छह छह महीने भटकना पड़ रहा है। अध्यक्ष मानिकपुरी ने अधिकारियो से चर्चा कर भुगतान के लिए फंड देने की मांग रखी है।

#### परेशान हितग्राही भड़के

किश्त भुगतान में हो रही देरी ने हितग्राहियों का पारा चढा दिया है। किश्त के लिए चक्कर काट रहे हितग्राहियो ने बुधवार को नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी का घेराव कर दिया। परेशान हितग्राहियों ने किश्त नहीं मिलने पर नगर अध्यक्ष को जमकर खरी खोटी सुनाया। हितग्राहियो ने नगर अध्यक्ष को करीब आधे घंटे तक घेरे रखा।

#### अप्रैल से नहीं आया फंड

पीएम आवास के हितग्राहियों की किश्त भुगतान के लिए अप्रैल से फंड नहीं आया है। बताया जाता है कि अप्रैल में मात्र 15 लाख आया था। उसके बाद से अब तक किश्त भुगतान के लिए राशि नहीं आई है। आवास के हितग्राहियों की माने तो उन्हे नगरीय निकाय चुनाव से पहले से ही किश्त की राशि नहीं मिली है, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो गया है।

---

# पकड़ाया राशन का चावल, जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरकारी राशन दुकान के चावल की कालाबाजारी का गत दिनों खुलासा हुआ था। पुलिस ने चावल सहित गाड़ी क्रमांक सीजी 08 एएफ 1227 पकड़कर थाने लाया था। गाड़ी में 105 कट्टा चावल भरकर राजनांदगांव की मिलो में खपाने ले जाया जा रहा था।

इस आशय की सूचना मिलने पर पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुँचकर पीडीएस चावल सहित गाड़ी को पकड़ा था। यह घटना गत 26 मई की है। चावल और गाड़ी को थाना लाने के बाद मामले को दबाने के प्रयास शुरू हो गए थे। इस आशय की खबर वायरल होने के बाद प्रशासनित हल्के में हड़कंप मच गया था।

#### हेराफेरी की आशंका

मामले की जानकारी एसडीएम मनोज मरकाम तक पहुंचने के बाद फूड विभाग, मंडी के अधिकारी कर्मचारी थाने पहुँच कर चावल और वाहन की जप्ती बनाया था। इस बीच यह चर्चा थी कि लेनदेन कर वाहन को अन्यंत्र भेजकर चावल में कनकी मिला दिया गया ताकि यह साबित किया जा सके कि चावल को किसान राइस मिल से मिलिंग कर लाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में लगभग 230 राशन दुकान है जहां व्यापारियों द्वारा पीडीएस चावल की खरीद फरोख्त किया जाता है। इससे पहले नागतराई, हरणसिंघी, मुरमुंदा, गाजमर्रा, कल्याणपुर, बोरतलाव, पनियाजोब में चावल की अफरातफरी के मामले सामने आ चुके है किन्तु किसी भी मामले में कार्यवाही नहीं हो सकी है।

### बरसात पूर्व नाले की सफाई



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में बारिश के पूर्व नाला एवं पानी निकासी स्थल की सफाई कराया जा रहा है ताकि बरसात में ग्रामीणों को परेशानी न हो। अधिक बारिश होने पर नर्मदा में नाला का जल स्तर बढ़ जाता है तथा बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पानी की निकासी नहीं होने पर घरों में पानी घुस जाता है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। सफाई कर बरसात में होने वाली समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## समाधान शिविर से ग्रामीणों को मिली राहत, आवेदन निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरीकला में समाधान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार अंतर्गत जिले का आखिरी शिविर था। शिविर में सभी पात्र 1920 आवेदकों को लाभान्वित किया गया।



ग्राम पंचायत बिहरीकला में आयोजित समाधान शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने पर चाबी प्रदान किया गया। नौ हितग्राहियों की पेंशन स्वीकृत किया गया है। 17 को राशन कार्ड, 5 को मनरेगा जॉब कार्ड, 5 को लखपति दीदी योजनांतर्गत प्रशस्ति पत्र, 3 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र, 4 को ऋण पुस्तिका, 3 किसानों को बी 1 नक्शा, 2 हितग्राहियों को निक्षय पोषण कीट और 2 हितग्राही को आयुषमान कार्ड प्रदान किया गया।

शिविर में जनपद अध्यक्ष पुनऊराम फुलकवरे, उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, जिला पंचायत सदस्य सविता सोरी, जनपद सदस्य पवन तुलावी, सीईओ प्रियंवदा रामटेके, देवकी यादव, श्यामलाल चंद्रवंशी, शत्रुघन चुरेंद्र, सुमन पटेल, सुशीला गांवरे, पार्वती किरगे, संदीप साहू, दिलीप वर्मा आदि उपस्थिति थे।

## सेटअप के आधार पर हो युक्तियुक्तकरण

### वर्तमान प्रक्रिया पर शिक्षक साझा मंच ने जतायी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षक साझा मंच के जिला पदाधिकारियों ने युक्तियुक्तकरण पर आपत्ति जताते हुए 2008 के सेटअप पर अमल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रक्रिया से स्कूलों में शिक्षकी की संख्या में कमी आएगी और पढ़ाई बाधित होगी।

मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग में कुल 63695 पद रिक्त है इन पदों की पूर्ति पदोन्नति एवं सीधी भर्ती से किया जाना है। पदोन्नति के साथ ही साथ नया शिक्षा सत्र का आरंभ हो रहा है ऐसे में प्रशिक्षित बेरोजगारों को शिक्षक पद पर भर्ती कर शिक्षा को बेहतर करने का कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 2008 के सेटअप आधार पर शालाओं में शिक्षक की उपलब्धता से गुणवत्ता अभियान को आगे बढ़ाया जा सकता है जबकि वर्तमान में युक्तियुक्तकरण 2008 के सेटअप से हटकर किया जा रहा है जो गलत है। उन्होंने कहा कि युक्ति युक्तकरण के बाद प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में 1 - 1 पद कम होगा। वाणिज्य संकाय में 3500 पद कम होगा।

#### गुणवत्ता होगी प्रभावित

शिक्षक साझा मंच के संचालक शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, गोपी वर्मा, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, शरद शुक्ला, दिनेश कुरेटी, गिरीश हिरवानी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा, संदीप साहू, सुकालू वर्मा, श्रीकेश शर्मा, बृजेश वर्मा, ईश्वर मंडावी, चंद्रिका यादव , महेश ठाकुर, महेश ऊईके, रतिराम कन्नौजे, राजेश साहू, पंचशील सहारे , राजकुमारी जैन, नीरज डोंगरे, राजेश राजपूत, फलेश साहू, प्रदीप वर्मा, संतोष टेमरे, विद्यानंद डोंगरे, चुम्मन देवांगन, बृजभूषण राजपूत ने कहा है कि शालाओं में शिक्षकों के पद कम होने से शैक्षणिक गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ेगा।

#### जबरन अतिशेष का होगा विरोध

मंच के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि जिले के चारों विकासखंड में युक्तियुक्त करण नियमों के विपरित जाकर पूर्व में सूची जारी किया गया था। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अलग-अलग परिभाषित कर शिक्षकों को जबरन अतिशेष बनाया जा रहा है। सूची को नियमानुसार जारी नहीं किया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## कलेक्टर ने देखा दुग्ध उत्पादक समिति का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गुरूवार को संडी में माँ बम्लेश्वरी महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित का अवलोकन किया। उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली को देखा और महिलाओं की सहभागिता की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रेमकुमार पटेल भी उपस्थित थे।

महिलाओं ने कलेक्टर को अवगत कराया कि समिति की स्थापना 2015 में की गई थी। देवभोग कंपनी द्वारा 1000 लीटर क्षमता वाला चिलिंग प्लांट उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 200 महिला किसान दूध का संग्रहण और विक्रय करती हैं। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 500 लीटर दूध की बिक्री हो रही है, जिसके बदले किसानों को 35 रूपए प्रति लीटर की दर से भुगतान किया जाता है। महिलाओं की मासिक आय 3000 से 5000 तक पहुंच गई है। महिलाओं ने बताया कि वह जर्सी, साहीवाल, एचएफ, लाल सिंधी और देशी गायों का पालन कर रही हैं। महिलाओं ने दुग्ध क्रय केंद्र संचालन और पशु आहार प्रबंधन के लिए भवन की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर चंद्रवाल ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



#### हर रोज 800 की कमाई

इस दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने महिला पशुपालक माधुरी जंघेल के घर जाकर उन्नत नस्ल की गायों को देखा। श्रीमती जंघेल ने बताया कि उनके पास 7 गाय हैं। वह प्रतिदिन लगभग 33 लीटर दूध का उत्पादन करती हैं। दूध विक्रय से प्रतिदिन लगभग 800 रूपए की आय हो रही है। उनकी मासिक आमदनी 20 हजार तक पहुंच गई है। कलेक्टर ने गोबर गैस संयंत्र का भी निरीक्षण किया। यह संयंत्र देवभोग कंपनी द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया है। यह सात वर्षों से संचालित है।

## व्यवसायिक शिक्षा पर काउंसिलिंग का आयोजन

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 9 वीं में नवप्रवेशित बच्चों के लिए काउंसलिंग सेशन रखा गया, जिसमें लगभग 40 बच्चे उपस्थित हुए। बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के बारे में बताया गया। बच्चों को हेल्थकेयर ट्रेड तथा होने वाली गतिविधि जैसे अतिथि व्याख्यान, इंडस्ट्रियल विजिट, ऑन जॉब ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, मॉडल प्रेजेंटेशन, चार्ट प्रेजेंटेशन, प्लेसमेंट आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक तेजनारायण ने बताया कि हेल्थकेयर ट्रेड लेकर पढ़ने वाले बच्चों को जॉब मिलने में आसानी होगी। जॉब न मिलने की स्थिति में वह खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। प्राचार्य केके साहू व्यवसायिक शिक्षा के महत्ता पर चर्चा की।



### बहुमत से प्रस्ताव पारित, विपक्ष की ताकत घटी

# ट्रस्ट ने पूर्व अध्यक्ष और मंत्री को किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट की साधारण सभा की बैठक में पूर्व अध्यक्ष और पूर्व मंत्री को निष्कासित करने का प्रस्ताव किया गया है। साधारण सभा की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल और पूर्व मंत्री नवनीत तिवारी को निष्कासित करने का फैसला किया।

जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम आयोजित बैठक में दोनों के कार्यों को लेकर सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया था। शहर के वरिष्ठ नागरिक किशन शर्मा ने अपने विचार रखे। जिसके बाद बैठक में मौजूद संरक्षक श्रेणी, आजीवन श्रेणी एवं साधारण श्रेणी के सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया। ट्रस्टी संजीव गोमास्ता ने पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री नवनीत तिवारी को ट्रस्ट की सदस्यता से निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में उपस्थित सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया।

#### हार्डडिस्क गायब

जून 2022 में हुए चुनाव के पूर्व तत्कालीन समिति ने मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित कर दिया था। सूची को नई समिति को नहीं सौंपा गया जिसे लेकर वर्तमान ट्रस्ट समिति ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अध्यक्ष रहते हुए नारायण अग्रवाल पर हार्ड डिस्क गायब करने का भी आरोप लगा था जिसे अब तक ट्रस्ट को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

#### अनुमानित बजट पेश

बैठक में मंत्री महेंद्र परिहार ने वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट सदस्यों के समक्ष रखा। वित्तीय वर्ष 2025-206 का अनुमानित बजट को रखा गया। बैठक में अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सीपी मिश्रा, मंत्री महेंद्र परिहार, सह मंत्री बबलू शांडिल्य, पीतांबर स्वामी, प्रकाश बिंदल, विनोद तिवारी, संजीव गोमास्ता, हनी गुप्ता सहित तीनों श्रेणी के सदस्य उपस्थित थे।

#### विपक्षी नहीं आए बैठक में

साधारण सभा की बैठक में विपक्ष के ट्रस्टी नदारद रहे। विपक्ष से केवल दो ट्रस्टी विनोद तिवारी और हनी गुप्ता शामिल हुए। पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री को निष्कासित करने का विनोद तिवारी ने विरोध किया लेकिन सत्तारूढ़ ट्रस्ट और मौजूद सदस्यों ने जमकर घेर दिया। जिसके बाद विपक्ष ट्रस्टी तिवारी अलग- थलग पड़ गए। उन्होंनें नियमों का हवाला दिया लेकिन उन्हें सदस्यों के विरोध का सामना करना पड़ा। बता दें कि विपक्ष खेमे में नारायण अग्रवाल एवं नवनीत तिवारी मुख्य भूमिका में है। दोनों के निष्कासन के बाद विपक्ष काफी कमजोर हो गया है। साधारण श्रेणी के ट्रस्टी संजीव गोमास्ता ने बैठक में इस बात को रखा कि पिछले कार्यकाल में तत्कालीन समिति ने साधारण श्रेणी के तीन ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, संजीव गोमास्ता और अजय सिंह ठाकुर की सदस्यता समाप्त कर दिया था तब नियमों का पालन नहीं किया गया। अब पूर्व अध्यक्ष और मंत्री को हटाने का निर्णय दो तिहाई बहुमत से लिया गया है जो नियमतः है।

### राहगीरों को बांटा मीठा जल




**तुमड़ीबोड़।** गुरुद्वारा बंदी छोड़ पातशाही के प्रबंधक सेवादार और संगत के सहयोग से राहगीरों को मीठा जल पिला कर सेवा की गई। भीषण गर्मी में मानवता के नाते लोगों को शीतलता प्रदान करने की पहल की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा मुख्य ग्रंथी ज्ञानी नरिंदर सिंह ने कहा कि सभी मनुष्यों को गुरु अर्जुन देव की शहीदी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी शहादत को अपने जहन में रखना चाहिए ताकि विषम परिस्थिति में अपने मार्ग से डगमगाएंगे नहीं।

## सार समाचार

### राज्यपाल आज मोहला प्रवास पर

**मोहला।** राज्यपाल रमेन डेका कल 31 मई को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री डेका सड़क मार्ग से प्रातः 9.30 बजे बालोद से रवाना होकर 11 बजे यहां पहुंचेंगे। यहां कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण करेंगे। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक बाद दोपहर 1 बजे मानपुर में संचालित एकलव्य विद्यालय का मुआयना करेंगे। दोपहर 2.30 बजे मानपुर से रायपुर रवाना होंगे।

### डीएपी नहीं, किसान हो रहे परेशान



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने डीएपी खाद की किल्लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की उदासीनता के कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में डीएपी खाद की कमी ने सरकार की पोल खोल दी है। खाद की कमी के कारण किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मानसून दस्तक देने वाला है तब भी सरकार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर सकी। किसान खेत की तैयारी में जुटे हैं, तब सरकारी गोदाम खाली हैं और कालाबाज़ारी सक्रिय है। खाद के नाम पर लूट हो रही है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। डीएपी खाद को बाजार में 1700 से 2000 रुपए तक में बेचा जा रहा है। उन्होंने सभी प्रत्येक सहकारी केंद्र पर डीएपी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, कालाबाज़ारी पर कार्रवाई, खाद की दरों को नियंत्रित करने, हर जिले में कृषि नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की मांग की है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**डोंगरगढ़।** गाजमर्रा के पास मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। दुर्घटना में दंतेश्वरी पारा वार्ड दो निवासी 25 वर्षीय अविनाश खांडेकर की मौत हो गई। मृतक युवक निजी काम से गाजमर्रा गया था। देर रात वापस लौट रहा था तभी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। दुर्घटना में अविनाश के सिर में गंभीर चोटें आई थी। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना में थाना कोतवाली से बिना नंबरी अपराध की डायरी प्राप्त होने पर असल नंबरी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन में आरोपी दिपेश्वर चौहान 24 वर्ष ग्राम ईरईखुर्द द्वारा 10 अक्टूबर 2024 को पीड़िता के घर में जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया व शादी का प्रलोभन देकर 7 माह अपने घर में रखकर शारीरिक संबंध बनाया। बालिंग होने पर पीड़िता को मारपीट करने लगा और शादी करने से मना कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दिपेश्वर चौहान उम्र 24 वर्ष ग्राम ईरईखुर्द को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश कर जेल भेजा गया।

### 31 को कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते रजिस्ट्री (पंजीयन) के संबंध में जनोपयोगी सुधार किया गया है। इन सुधारों की विस्तार से जानकारी देने एवं जनसामान्य को अवगत कराने के उद्देश्य से वाणिज्य कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) विभाग द्वारा 31 मई को सुबह 11 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ राजनांदगांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में रजिस्ट्री के संबंध में किए गए सुधारों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## एमएमसी जोन को नक्सलमुक्त करने विस्तृत चर्चा

# तीन प्रदेश के पुलिस अधिकारियों की मीटिंग नक्सल विरोधी अभियान पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इंटर स्टेट बॉर्डर कार्डिनेशन मीट 30 मई को आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से नक्सल विरोधी अभियान के तहत नक्सल उन्मूलन संबंधी रणनीति तैयार की गई।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव कार्यालय में 30 मई को इंटर स्टेट बॉर्डर कार्डिनेशन मीट का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीबीपी, हॉक फोर्स सहित कुल 8 जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानुपर-अं.चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बालाघाट, मंडला, गढ़चिरौली, गोंदिया के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए।



### वरिष्ठ अधिकारियों की रही उपस्थिति

उक्त बैठक में पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन, बालाघाट संजय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगाव अभिषेक शांडिल्य, उप पुलिस महानिरीक्षक गढ़चिरौली रेंज कैम्प नागपुर अंकित गोयल, उप महानिरीक्षक, आईटीबीपी सेक्टर मुख्यालय राजनांदगांव अनवर ईलाही, पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक मोहला-मानुपर-अं.चौकी वाईपी सिंग, पुलिस अधीक्षक बालाघाट नागेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई लक्ष्य शर्मा, पुलिस अधीक्षक गोंदिया गोरख धामरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स गढ़चिरौली एम. रमेश, सेनानी हॉक फोर्स बालाघाट शियाज केएम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट राकेश कुमार पंडरो, उप सेनानी आईटीबीपी ऑप्स, सेक्टर मुख्यालय राजनांदगांव जिथ जैम्स शामिल थे।




### समन्वय स्थापित कर करेंगे सर्चिंग

इस मौके पर एक-दूसरे को नक्सल विरोधी अभियान में सूचना, नक्सल सर्चिंग ऑपरेशनों में आपसी सहयोग करने, बॉर्डर पर एमसीपी लगाकर एवं बेरियर में चेकिंग के दौरान अवैध गतिविधि में प्रयुक्त सामग्री जैसे हथियार, ड्रग्स व नशीले पदार्थ एवं नक्सल घुसपैठ के रास्तों को चेक करते रहने तथा एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित कर नक्सल सर्चिंग अभियान निकालने और एकजुट होकर नक्सल समस्या का निराकरण करने के संबंध में रणनीति बनाई गई। एमएमसी जोन को नक्सल मुक्त करने व नक्सल सरेंडर, गिरफ्तार करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

## दो गुम नाबालिग हैदराबाद में मिली, आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर से बिना बताए गुम हो गई दो बालिकाओं की रिपोर्ट पर पुलिस ने खोजबीन करते दोनों नाबालिग बालिकाओं को हैदराबाद से बरामद किया। इस मामले में दो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार थाना गैंदाटोला के अपराध धारा-137(2) एवं (2) 29/2025 धारा-137(2) की दोनों गुम नाबालिग बालिकाओं को जो अपने-अपने घरों में बिना किसी को बताए कहीं चली गई थी।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला में अपराध कायम कर कायमी दिनांक से पुलिस द्वारा लगातार गुम बालिकाओं का पता तलाश करते 29 मई को हैदराबाद आंध्रप्रदेश से सकुशल बरामद किया गया।



### परिजनों में हर्ष

गुम बालिकाओं के कथन अनुसार क्रमशः आरोपी संजय नेताम 40 वर्ष व चुम्मन लाल सिन्हा 20 वर्ष दोनों के द्वारा धारा 64(एम), 87 भारतीय न्याय संहिता एवं 4, 6 पाक्सो अधिनियम के तहत घटना किया जाना पाए जाने से कार्रवाई करते आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। बालिकाओं के मिलने पर उनके परिजनों एवं समाज द्वारा खुशी जाहिर करते राजनांदगांव पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## तहसील स्तरीय राजस्व शिविर 4 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जनसामान्य के सुविधा की दृष्टिगत जिले में 4 से 14 जून तक तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन संबंधित तहसील परिसर में किया जाएगा। इसके अंतर्गत तहसील मुख्यालय राजनांदगांव में 4 जून, तहसील मुख्यालय डोंगरगढ़ में 5 जून, तहसील मुख्यालय डोंगरगांव में 6 जून, तहसील मुख्यालय घुमका में 7 जून, तहसील मुख्यालय लालबहादुर नगर में 12 जून, तहसील मुख्यालय कुमरदा में 13 जून एवं तहसील मुख्यालय छुरिया में 14 जून को तहसील स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर के आयोजन के लिए संबधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी एवं संबंधित तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

तहसील स्तरीय राजस्व शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार सीमांकन, डायवर्सन, आरबीसी 6-4, किसान किताब, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाये जाने से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त कर अतिशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा, जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाना संभव हो, उसे तत्काल शिविर स्थल में ही निराकृत किया जाएगा। शिविर में संबंधित न्यायालय के रीडर, भुईयां ऑपरेटर द्वारा त्वरित किये जा सकने वाले न्यायालयीन संबंधी कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएंगे। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार उपस्थित रहेंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

- विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 31 मई को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह 31 मई को सुबह 10.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यशाला का शुभांरभ करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.30 बजे पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे ग्राम सिंघोला पहुंचकर सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 1.45 बजे ग्राम सिंघोला से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे ग्राम भोथीपारखुर्द पहुंचकर हेमदीप के घर आयोजित विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.30 बजे ग्राम भोथीपारखुर्द से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6 बजे स्पीकर हाऊस से कार द्वारा प्रस्थान कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अचानकपुर भाठापारा पहुंचकर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।



डॉ. रमन सिंह शाम 7.25 बजे ग्राम अचानकपुर भाठापारा से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर 01 से 21 मई तक 21 दिवसीय निःशुल्क संचालित किया गया। जिसका समापन 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया गया। उक्त ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर निर्धारित स्थानों पर खेल प्रशिक्षकों, अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों व वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 11 खेल विधाओं ने भाग लिया, जो क्रमशः हॉकी, तीरंदाजी, नेटबॉल, फुटबॉल, कराते, व्हॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, खो-खो, भारोत्तोलन एवं एथलेटिक्स में कुल 1206 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, एसपी मोहित गर्ग, छग हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसरी व विशेष अतिथि अंतर्राष्ट्रीय व्हालीबाल खिलाड़ी रेखा पदम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकीखिलाड़ी मृणाल चौबे शामिल थे। मुख्य अतिथि ने समापन समारोह को संबोधित करते कहा कि इस प्रकार प्रशिक्षण शिविर का



आयोजन करना खिलाडियों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। इनसे न कि व शारीरिक, बल्कि मानसिक रूप से मजबूत होंगे और खिलाड़ी राजनांदगांव से अनेक खिलाड़ी अपने राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे।

समापन समारोह में एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि इस ग्राउंड में इतने बच्चे को देखकर बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। समापन समारोह में खेल संघो के कोच/सचिव/प्रशिक्षक में अशोक श्रीवास, अजय लोहार, कमल पूजन, दुर्गेश साहू, शकील अहमद, परमजीत सिंह, संध्या पदम, ललित साहू, हरिश साहू, जानकी शरण कुशवाहा, श्रृषि मेश्राम, राहुल साहू, दरवेश कावड़े, किशोर माहेश्वरी, राजेश निर्मलकर, रजा कुरैशी, शैलेन्द्र तिवारी व संध्या पदम को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रेरणा राणे, आरती शेण्डे, कृष्णा यादव, प्रियंका चैरिया शामिल थे। समापन समारोह में खिलाड़ी बालक-बालिका प्रशिक्षक मिलाकर कुल 1000 की संख्या में शामिल हुए।

## एक को भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुकुलदैहान समीपस्थ ऐतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में आगामी एक जून को सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर्व पर छत्तीसगढ़ राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा सांसद संतोष पांडे के अनुशंसा पर सुप्रसिद्ध भजन गायक दूरदर्शन एवं रेडियो कलाकारों सरल सरिता भजनामृत मंडली के संचालक सुरेश ठाकुर एवं साथियों द्वारा संध्या 4 भजन-कीर्तन होगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा के सानिध्य में प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू की अध्यक्षता और विशिष्ट अतिथि लता अजय सिन्हा, गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा की उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के सहप्रभारी नेहा निरंजन साहू ने दी है।

## ट्रक चालक से लूट, दो गिरफ्तार

- मोबाइल, लोहे का चाकू बरामद

**राजनांदगांव।** शहर के भदौरिया चौक में ट्रक चालक से लूटपाट करने के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से लूटे गए मोबाइल एवं लोहे का चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 मई की रात्रि में प्रार्थी खिलेश्वर साहू 40 वर्ष शिकारीपारा बसंतपुर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मई के दरम्यानी रात्रि साढे 12 बजे यह भदौरिया चौक के पास अपने ट्रक में बैठा था, तभी 4 व्यक्ति एक राय होकर आए और प्रार्थी के जेब में रखे विवो कंपनी का मोबाइल को लूटकर भागने लगे, तब इसके द्वारा विरोध करने पर एक लोहे के धारदार कत्ता (चाकू) से प्रार्थी के पेट में वार कर चोंट पहुंचाकर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 309 (4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

**दो अन्य की सरगर्मी से तलाश**

कोतवाली एवं सायबर सेल राजनांदगांव की सयुक्त टीम गठित कर घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में मिले क्लू के आधार पर आरोपीद्वय पवन सोनवानी एवं देवी साहू को घेराबंदी पकड़कर हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों द्वारा अपने अन्य 2 साथियों के साथ घटनाकारित करना स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का कत्ता (चाकू) एवं प्रार्थी से लूटे गए विवो कंपनी का एक नग मोबाइल को जब्त किया गया। दोनों आरोपी पवन सोनवानी 19 वर्ष पेंड्री अटल आवास एवं देवी साहू 20 वर्ष पेंड्री अटल आवास को 30 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। अन्य 2 आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## इंडस वाटर ट्रीटी ऐतिहासिक भूल थी



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य समिति जिला ईकाई द्वारा सृजन संवाद में आपरेशन सिंदूर पर साहित्यिक विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी माया अग्रवाल व अध्यक्षता प्रो. केके द्विवेदी ने की। विशेष अतिथि डॉ. शंकर मुनि राय एवं चिंतक अशोक चौधरी शामिल थे। विमर्श आयोजन का विषय प्रवर्तन अधिवक्ता अमलेंदु हाजरा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अग्रवाल ने अपनी बात काव्यात्मक ढंग से इस तरह कहीं महिलाओं के मांग का सिंदूर, सनातन गरिमामयी अलंकार है। चिंतक अशोक चौधरी ने सिंधु जल समझौता इंडस वाटर ट्रीटी को एतिहासिक भूल बताते कहा कि इस संदर्भ में पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री ने पानी नहीं देने से पाकिस्तान को मछली की तरह तड़फ- तड़फ कर मर जाने की बात कही थी, जिसे मोदी ने 60 साल बाद आपरेशन सिंदूर में सच कर दिखाया।

डॉ. शंकर मुनि राय, प्रो. केके द्विवेदी, अमृत साहू, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा, आत्माराम कोशा, कुबेर साहू, मानसिंह, गजेंद्र हरिहारणो, गिरीश ठक्कर, राजकुमार, पद्मलोचन शर्मा, शैलेष गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, आनंदराम सार्वा ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर कवयित्री माला गौतम, कवि रोशन साहू, देवेंद्र मोहन लाला सहित बड़ी संख्या में काव्यानुरागियों उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मानसिंह मौलिक ने किया।

## सीआरसी में समावेशी शिक्षा के लिए नवाचारों पर प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने तथा दिव्यांगजनों की बेहतरी के लिए सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा विभाग, राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के मिशन संचालक के मार्गदर्शन एवं एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के सहयोग से संपन्न हुआ। मल्टीपल स्क्लेरोसिस दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण में बिलासपुर संभाग से 53 एवं सरगुजा संभाग से 45 बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) समावेशी शिक्षा एवं विशेष शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. स्मिता महोबिया, एपीसी केपी विश्वकर्मा एवं बीआरपी प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।




कार्यक्रम में चिरायु टीम के मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिहिर साहू द्वारा मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लक्षण, प्रभाव एवं उपचार की जानकारी साझा की गई। उन्होंने सीआरसी एवं सीडीईआईसी में संचालित विभिन्न थेरेप्यूटिक सेवाओं जैसे स्पीच थैरेपी, हीयरिंग डिपार्टमेंट, मनोविज्ञान विभाग, प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक, फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, विशेष शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं विजन थैरेपी की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं निर्मया योजना, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीआरपी एवं विशेष शिक्षकों को सीआरसी में संचालित विभिन्न थैरेप्यूटिक विभागों का भ्रमण कराया गया। जिससे वे जमीनी स्तर पर उपयोगी सेवाओं की कार्यविधि को समझ सके। इस नवाचारी प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षा और चिकित्सा के समन्वय से दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। साईन लैंग्वेज इंटरप्रेटर के माध्यम से विशेष जरूरतमंद प्रतिभागियों के लिए भी सभी जानकारियां सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर दस दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे कान की मशीन, टीएलएम किट, स्टिक एवं कमर-नेक बेल्ट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत मेश्राम, वि. मुक्ता साहू (स्टाफ नर्स) एवं फरीदा बेगम द्वारा किया गया। समापन पर सीआरसी के स्टाफ एवं सभी 98 बीआरपी प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिन्होंने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया।



## खबर संक्षेप

### पक्की नाली निर्माण के अभाव में ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** किासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम राम्हेपुर कला में पक्की नाली निर्माण के अभाव में घरों का गंदा पानी सड़क के बीचों बीच बहने व घरों के गंदा पानी से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया पक्की नाली निर्माण नहीं होने के कारण गंदा पानी बीच गली-मोहल्ले में बह रही है। वहीं रहवासियों को बुनियादी समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीण रहवासियों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा पक्की नाली निर्माण कार्य कराया जाने की मांग की गई ताकि ग्राम राम्हेपुर कला के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा मिल सकें।

### दो विपत्तिग्रस्त परिवार को 8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत कवर्धा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम सोनपुरी रानी निवासी इन्द्रनाथ की गोवा स्थित कल्गुर बीच में समुद्र में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती लक्ष्मी बाई वहीं बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम कोमों निवासी रमेश धुर्वे की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती झाड़ीन को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### आईटीआई कवर्धा में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कवर्धा में शनिवार 31 मई 2025 को एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से ग्राम तारो (खैरबना) स्थित आईटीआई परिसर में आयोजित होगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय कवर्धा के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं लोगों में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।
संस्था द्वारा अधिक से अधिक नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पुनीत कार्य में भाग लेकर मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि यह शिविर जनहित में आयोजित किया गया है तथा इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि को संस्थान में उपस्थित होकर रक्तदान कर सकते हैं।

### विष्णुदेव सरकार के सुशासन में गांव, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों में खुशहाली : शर्मा

# डिप्टी सीएम ने दौजरी क्लस्टर में करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शुक्रवार को कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान कवर्धा विकासखंड के ग्राम दौजरी में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन की स्थापना हो रही है, जिसके फलस्वरूप गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाएं सहित सभी वर्गों का समुचित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार गांव से लेकर शहर तक विकास की गंगा बहा रही है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दौजरी समाधान शिविर में दौजरी क्लस्टर की दस ग्राम पंचायतों के समग्र विकास हेतु एक करोड़ रूपए की सौगात दी। उन्होंने बताया कि ग्राम दौजरी, बरबसपुर, नेवारी, बटूराकछार, जरती, जेवड़न, बिजई, सोनबरसा व डबराभाट और बोधाई-कुण्डा का सुनियोजित विकास किया जाएगा। प्रत्येक पंचायतों को विकास के लिए 10-10 लाख रूपए दिए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम के तहत गर्भवती माताओं का गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। समारोह में छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी सहित क्षेत्र के पंच, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### छत्तीसगढ़ सरकार गांव से लेकर शहर तक विकास की गंगा बहा रही: विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शपथ लेते ही अगले ही दिन से प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति देना शुरू किया। किसानों से किए वादे को निभाते हुए 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व में लंबित दो वर्षो का धान बोनस भी दिया गया। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि स्थानांतरित कर आर्थिक समृद्धि की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। श्री शर्मा ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले हितग्राहियों के लिए प्रति मानक बोरा दर 4 हजार से बढ़ाकर 55 सौ रूपए कर दी गई है। साथ ही रामलला दर्शन योजना प्रारंभ कर अब तक 22 हजार हितग्राहियों को दर्शन का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को पुनः प्रारंभ किया है। इसके अतिरिक्त महतारी वंदन योजना के तहत नई हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुरेश चंद्रवंशी, डॉ सियाराम साहू, ईश्वरी साहू, रामकुमार भट्ट तथा श्रीमती सुषमा बघेल ने भी ग्रामीणजनों को संबोधित किया। ग्रामीणों एवं युवाओं ने उपमुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

### कलेक्टर ने जिले में संचालित सुशासन तिहार की प्रगति की जानकारी दी

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में संचालित सुशासन तिहार की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 8 अप्रैल 2025 से सुशासन तिहार की शुरुआत की गई जो तीन चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 116505 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 114390 आवेदन मांग और 2115 शिकायत से संबंधित थे। द्वितीय चरण 9 अप्रैल से 4 मई 2025 तक निराकरण का कार्य हुआ। अब तक 116354 आवेदनों का समाधान कर लिया गया है, शेष 151 आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जा रहा है। तृतीय चरण 5 मई से समाधान शिविरों के रूप में प्रारंभ हुआ जो 30 मई 2025 तक चला। इस दौरान जिले की 471 ग्राम पंचायतें और 7 नगरीय निकाय क्लस्टर में शामिल की गई। कुल 46 समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। आज 30 मई को विकासखंड कवर्धा के ग्राम दौजरी में आयोजित समाधान शिविर में दौजरी क्लस्टर की दस ग्राम पंचायतों से कुल 2305 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2297 का निराकरण कर लिया गया है। शेष 8 आवेदनों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं, जिनके पात्रता परीक्षण के उपरांत पीएम आवास प्लस 2.0 का सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत शौचालय, पेयजल, राशन कार्ड, भूमि समतलीकरण, फौती नामांतरण इत्यादि से संबंधित अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब तक 5 नए राशन कार्ड, 185 व्यक्तिगत शौचालय, 7 नवीन पेंशन, तथा मनरेगा के अंतर्गत 15 भूमि सुधार, 20 पशु शेड, 1 बकरी शेड, 1 मुर्गी शेड, 3 निजी डबरी निर्माण कार्य और 21 नवीन जॉब कार्ड स्वीकृत किए गए हैं। जो मांगें बड़े निर्माण कार्यो से संबंधित हैं उन्हें बजट उपलब्धता के अनुसार प्राथमिकता दी जाएगी।

### पटेल समाज के प्रबुद्ध लोगों से परामर्श लिए समाज सेवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम पंचायत पेंड्रीकला निवासी हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम संस्थापक एवं संयोजक व हरदिहा मरार पटेल समाज महासभा मुंगेलीराज महासचिव ने समाज के प्रबुद्ध लोगों से संपर्क व मुलाकात कर परामर्श लिया। जिसमें हरदिहा मरार पटेल समाज महासभा मुंगेलीराज कोषाध्यक्ष उमेद लाल पटेल ने समाज के विकास तथा अग्रसर करने के लिए अपना बहुमूल्य समय को निकालकर सामाजिक चर्चा किए और युवाओं को मंच साझा करने के लिए विचार प्रस्तुत किया और मातृशक्ति को बढ़ावा देना पितृशक्ति तथा सामाजिक बंधुओं को उचित और सही कार्य करने के लिए मुझे अवगत कराया गया। साथ-साथ भालूखोंदरा के निवासी बुद्ध जीवी परदेशीराम पटेल हरदिहा मरार पटेल समाज महासभा मुंगेलीराज के लिए अपना तन-मन-धन से अर्पित करके निःस्वार्थ एवं निःसंदेह कार्य करते हुए समाजसेवी परदेशीराम पटेल ने समाज को एक नई दिशा देने के लिए कई प्रकार से सामाजिक चर्चा किया। जिसमें प्रमुख रूप से समाज के युवा-युवतियों को शिक्षा एवं आत्मनिर्भर से लेकर सामाजिक संगठन को मजबूत करना, अपने समाज के बड़े छोटे को आदर एवं स्नेह तथा प्रेमभाव में बंधकर समाज हित में कार्य करने की सलाह दिया साथ ही समाज में होने वाले समस्याओं को दूर करने एवं सुलझाने के लिए सरल एवं सहज व शालीनता से कार्य को सम्पन्न करने के लिए बहुत ही अच्छा उपाय, सुझाव दिया समाज के प्रत्येक पदाधिकारियों से सह सम्मान से बातचीत करना मतभेद को दूर करना सामाजिक संरचना को बनाएं रखने की बात कही।

## 11 जून के राज्यव्यापी विशाल धरना प्रदर्शन की तैयारी में जुटा एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विगत दिनों आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा का बैठक प्रांतीय उपाध्यक्ष कमलेश धुर्वे मंडावी प्रांतीय महासचिव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ, जयपाल सिंह ठाकुर प्रदेश सचिव गोंड़वाना गोंड़ महासभा, लवन सिंह कंवर प्रदेश सचिव के गरिमामय उपस्थिति में आगामी 11 जून 2025 को आयोजित राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला संयोजक आसकरण सिंह धुर्वे, अश्वनी कोसरे ने बताया कि एसटी, एससी समाज के संवैधानिक अधिकारों के 09 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन होना है। जिसमें प्रमुख मांगे अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गो के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित करना एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 01 मई 2023 एवं 24 फरवरी 2025 को पदोन्नति में तत्काल लागू करने, अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्गो के बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की करवाना, जनसंख्या के आधार पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति, आरक्षण का निर्धारण एवं संभाग जिला स्तरीय स्थानीय भर्ती आरक्षण पर अधिनियम बनाने की कार्यवाही करने, राज्य में आरक्षित वर्गो के छात्रवृति के लिए 2011 से निर्धारित 2.50 लाख की आय सीमा को समाप्त करना, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही शीघ्र करना व अनुसूचित जाति जनजाति संवर्गो के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण करवाना, अनुसूचित जाति, जनजाति उपयोजना (निधियों का निर्धारण आबंटन एवं उपयोगिता) बजट अधिनियम करवाना, छत्तीसगढ़ लोक सेवा अनुसूचित जाति जन जाति एवं पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षण नियम 1994 के प्रावधानों का शत-प्रतिशत लागू करवाना, 5वी अनुसूची क्षेत्रों की 85 विकास खंडों में स्थानीय प्रशासन पेशा कानून के तहत प्रभावी क्रियान्वयन करवाना, शाला, शिक्षक युक्तियुक्तकरण में नियम 2008 का पालन कराना तथा उक्त मांगो को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन की तैयारी को लेकर उपस्थित आरक्षित वर्ग के संगठन व सामाजिक वरिष्ठ गण जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, मंडावी साहब, जयपाल सिंह ठाकुर, लवन सिंह कंवर, तुलसी राम बांधेकर, मीनाक्षी धुर्वे, आसकरण धुर्वे, अश्वनी कोसरे, हूंमचंद अनंत, दिनेश बर्वे, डॉ संतोष धुर्वे सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



## कोलेगांव से हथमुंड़ी पीएम सड़क का हाल-बेहाल, ग्रामीण व राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुंड़ी प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर एवं जगह-जगह गड्ढा ही गड्ढा होने के कारण ग्राम कोलेगांव व हथमुंड़ी के ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर व बदहाल पीएम सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को आने जाने में राहत व सुविधा मिल सकें।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस जर्जर पीएम सड़क की मरम्मत कार्य के लिए शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकवा-शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदारों की भारी उदासीनता व अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरो को भुगतना पड़ रहा है। वहीं प्रधानमंत्री सड़क अपनी इस दुर्दशा पर आंसु बहा रही है। साथ ही साथ ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है। इस पीएम सड़क की समस्या को देखते हुए दो माह पूर्व ग्राम कोलेगांव से हथमुंड़ी सड़क निर्माण कार्य की घोषणा एवं स्वीकृत राशि जारी किया गया लेकिन आज पर्यन्त तक इस जर्जर सड़क की कोई सुध लेना वाला नही है। जिससे ग्रामीणो व राहगीरों की समस्या और बढ़ गई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द कोलेगांव से हथमुंड़ी प्रधानमंत्री सड़क की बरसात पूर्व मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि आने जाने में सुविधा व राहत मिल सके।

### आबकारी विभाग की मदिरा व महुआ मदिरा के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में लगातार बढ़ती जा रही है अवैध शराब व अन्य अपराधिक गतिविधियों में आरोपियों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय-धारण के विरूद्ध शुक्रवार को आबकारी वृत्त पंडरिया अंतर्गत ग्राम भाकुर में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर की सूचना पर आरोपी चिंताराम धुर्वे पिता मानसिंह धुर्वे के निवास पर दबिश दी गई। वहीं आबकारी विभाग द्वारा विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान अंदर बनाए गए चैंबर से उपरोक्तानुसार कुल 74 नग पाव प्रिंस लेमन देशी मदिरा ब्रांड की मध्य प्रदेश में निर्मित प्लेन शराब 180 मिली की प्लास्टिक शीशियों में बरामद हुई। मकान में अन्य स्थान की तलाशी लेने पर 02 प्लास्टिक जरिकेनो में 30 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। मदिरा को मौके पर जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34 (1) क, 34 (2), 36, 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। आबकारी वृत्त पंडरिया प्रभारी अभिनव आनंद बख्शी के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में कमल मेश्राम, अमर पिल्ले, इम्तियाज खान, वाहन चालक डायमंड साहू का विशेष योगदान रहा।

### पीडीएम खाद क्रय करने वाले किसानों को राशि वापस किया गया



**हरिभूमि पंडरिया।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पण्डरिया द्वारा केफार्म टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड राम्हेपुर के उत्पाद पीडीएम 14.50 प्रतिशत का विक्रय कृषकों को किया जा रहा था, जिसका परिणाम अमानक स्तर का पाए जाने पर उप संचालक कृषि जिला कबीरधाम के निर्देश पर कारखाना द्वारा ऐसे कृषक जिनके द्वारा कारखाना से पीडीएम खाद नगद खरीदी किया गया था उन्हे चेक के माध्यम से वापस भुगतान कारखाना प्रबंधक द्वारा किया तथा गन्ना विक्रय की राशि से समायोजन कर खरीदी करने वाले किसानों को उनके खाते में राशि वापस क्रेडिट कर दी गई है।




## संदिग्ध व्यक्तियों की धर-पकड़ के लिए सघन सर्चिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



जिले में बढ़ती बाहरी गतिविधियों पर अंकुश लगाने व शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से गुरूवार को थाना पंडरिया क्षेत्रांतर्गत पुलिस द्वारा सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा अभियान में थाना प्रभारी पंडरिया नितिन तिवारी एवं डीआरजी बल, पुलिस लाइन कबीरधाम से प्राप्त अतिरिक्त बल तथा थाना पंडरिया के पुलिस स्टाफ ने समन्वयित रूप से भाग लिया। यह विशेष तलाशी अभियान पंडरिया नगर के विभिन्न वार्डो, गली-मोहल्लों एवं किराए के मकानों में चलाया गया, जिसमें बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच-पड़ताल की गई। गश्त के दौरान पुलिस दल ने कई घरों में दस्तक देकर किरायेदारों की पहचान, दस्तावेजों की वैधता एवं उनके निवास के उद्देश्य की जांच की। इस दौरान कुछ स्थानों पर ऐसे किरायेदार भी पाए गए जिनकी जानकारी मकान मालिकों ने स्थानीय पुलिस को नहीं दी थी। इस पर पुलिस ने संबंधित मकान मालिकों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में किसी भी किरायेदार को रखने से पूर्व उसका पूरा सत्यापन कर नजदीकी थाना-चौकी में सूचना दें, अन्यथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।

## युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग का शिक्षक करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेशभर के एकजुट तेईस शिक्षक संगठनों के साझा मंच के प्रदेश संचालक मंडल ने युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। संचालक मंडल ने अतिशेष शिक्षकों से अपील किया है कि वे पालक, छात्र, शिक्षक व शिक्षा गुणवत्ता के हित में स्वयं काउंसिलिंग का बहिष्कार करते हुए सेटअप 2008 के समर्थन व संरक्षण में शामिल होकर शिक्षक एकता को मजबूती प्रदान करें।

शिक्षक साझा मंच में शामिल छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के विरोध में 31 मई से रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारम्भ किया जाएगा, जिसमें संभागवार शिक्षकों को अलग-अलग तिथि अनुसार उपस्थित होना है। दुर्ग संभाग के शिक्षकों के लिए आगामी एक जून का तिथि तय किया गया है, जिसमें जिले के समस्त शिक्षकगण तूता रायपुर के धरना स्थल में प्रातः




11 बजे उपस्थित रहेंगे। यह धरना कार्यक्रम चार सूत्रीय मांगों को लेकर है, जिसमें युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 का पालन, श्रीमती सोना साहू के कोर्ट प्रकरण के आधार पर क्रमोन्नति के लिए जनरल आर्डर, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को समाप्त किया जाना शामिल है। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर, हेमलता शर्मा आदि पदाधिकारियों ने कहा कि यह संघर्ष केवल शिक्षकों के हित के लिए ही नहीं, बल्कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए है। प्रदेश में शिक्षा को निजीकरण की दिशा में ले जाने के लिए शासन के प्रयास के विरोध में है।

### प्रदेश में 63695 पद सीधी भर्ती व पदोन्नति के लिए रिक्त

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में शिक्षक के सीधी भर्ती व पदोन्नति के लिए 63695 पद रिक्त है, जिसमें सीधी भर्ती के लिए 43243 एवं पदोन्नति के लिए 19452 पद रिक्त है। सीधी भर्ती के रिक्त 43243 पदों में सहायक शिक्षक के 33178, शिक्षक के 5442 एवं व्याख्याता के 4623 पद शामिल है।
इसी प्रकार से पदोन्नति के लिए रिक्त 19452 पदों में प्रधान पाठक प्राथमिक के 2119, शिक्षक के 5441, प्रधान पाठक मिडिल के 4045, व्याख्याता के 4623 एवं प्राचार्य के 3224 पद शामिल है। शासन युक्तियुक्तकरण से पहले पदोन्नति व सीधी भर्ती से रिक्त पदों की पूर्ति करे।

